## जा रहा है कचरा एकत्रीकरण

# तलाम नगरं बनेगा नम्बर-1



कर निगम के कचरा संग्रहण

वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किये गये सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर एकत्रित किया गया। नागरिकों से अपील जाती है कि वे अपने घरो एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक कचरा पात्रों में एकत्रित कर अपने घर के बाहर रख दे निगम द्वारा उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डाला जायेगा।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाऐं अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिये अपने बच्चों के साथ जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया की रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डो में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिये निगम द्वारा एप्रीन, ग्लवस, मास्क आदि उपलब्ध कराये गये है। इन्हे वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

गंदगी का मुख्य कारण है पॉलीथीन इसलिये 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन को पूर्णतः बंद किया जाना है इस हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने सभी वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाईन दल यह निगरानी रखें कि इसका भण्डारण कहां होता है व विक्रय कौन कौन करता है सही जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित की पॉलीथीन जब्त की जाकर फुटकर व्यवसायियों पर 50 व दुकानदारों पर 5000 का स्पॉट फाईन किया जाये।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–––पृष्ठ ......दिनांक.............2021

**खबर का असर:** रतलाम की चिकित्सा सुविधाओं को लेकर प्रभारी मंत्री से चर्चा, कलेक्टर-विधायक पहुंचे कॉलेज

# मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर विधायक का मंथन

खबर का असर



पत्रिका

पत्रिका में प्रकाशित



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए रविवार को यहां पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मेडिकल कॉलेज में अब प्रतिदिन दोपहर 1 से 3 बजे के बीच आईसीयू में भर्ती मरीज के परिजनों को चिकित्सक द्वारा मरीज से जुड़ी पूरी जानकारी दिए जाने और मरीज की स्थिति से अवगत कराने की व्यवस्था सोमवार से शुरू हो रही है। पत्रिका ने यहां की अव्यवस्थाओं को लेकर रविवार के अंक में उल्लेख किया था, जिसके बाद कलेक्टर और विधायक पहुंचे व समीक्षा की।

बैठक में शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने बताया कि प्रदेश के वित्त तथा रतलाम जिला कोविड-19 प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने रतलाम जिले में समस्त चिकित्सा व्यवस्था को लेकर आश्वस्त किया है कि यहां किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रभारी मंत्री ने कहा है कि रतलाम में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, इसके लिए भोपाल में अधिकारियों से चर्चा की जा रही है, यह काम जल्द ही होगा।

## रेमडेसिविर-ऑक्सीजन की रहेगी उपलब्धता

विधायक काश्यप ने बताया कि रेमडेसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता के लिए नोडल अधिकारी को निर्देश दिया है कि रतलाम में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाए। ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर भी उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया है। प्रभारी मंत्री ने कहा है कि वे स्वयं आगामी दिनों में रतलाम में उपस्थित होकर समस्त व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगे। मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को लेकर जो आवश्यकता है पूरी की जा रही है। बैठक में प्रभारी डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता, गोविंद काकानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज से 34 कोरोना मरीज स्वस्थ होकर लौटे

**शहर विधायक अधिकारियों के साथ पहुंचे हौसला बढ़ाने, मरीजों ने बताई मेडिकल कालेज की खुबियां**





रतलाम। मजबूत इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में मिले बेहतर इलाज के कारण 34 कोरोना वायरस पेशेंट मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज हुए। शहर विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने डिस्चार्ज हुए पेशेंट्स को शुभकामनाएं दी तथा विश्वास व्यक्त किया कि वे स्वयं सुरक्षित रहेंगे और अपने परिजनों तथा परिचितों से भी मास्क लगाने, पर्याप्त दूरी बनाए रखने और वैक्सीनेशन करवाने के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डीन डॉ.जितेंद्र गुप्ता, गोविंद काकानी, मयूर पुरोहित, नीलेश गांधी, मनोज शर्मा, हार्दिक मेहता, संतोष बैरागी भी मौजूद थे।

-बेहतर व्यवस्था ने संक्रमण से शीघ्र उबारा

कोरोना संक्रमण को पराजित करने वाले 34 योद्धाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास की चमक देखने लायक थी। उन्होंने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को बेहतर बताया और अंदर चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे हैं उपचार की प्रशंसा की। खाचरोद के सर्वेश धाकड़ ने बताया कि वे माताजी के इलाज के लिए यहां आए थे लेकिन स्वयं भी संक्रमण का शिकार हो गए। उन्हें पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। मेडिकल कॉलेज में उन्हें बेहतर उपचार मिला। प्रशासन द्वारा जो व्यवस्था यहां पर की गई उसकी उन्होंने प्रशंसा की। मेडिकल कॉलेज के स्टाफ ने इस दौरान जो सहयोग दिया और मन में आत्मविश्वास की भावना का संचार किया इस वजह से वे इस संक्रमण से उबर पाए। रतलाम निवासी विमल जैन ने बताया कि वे पांच दिन से मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। इन पांच दिनों के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। यहां बेहतर उपचार मिला और चिकित्सकों का व्यवहार सकारात्मक रहा।

12-4-2021

मंत्री ने कहा कि वे स्वयं आगामी दिनों में रतलाम आकर समस्त व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगे। विधायक काश्यप ने बताया कि मेडिकल कालेज में सभी इंतजाम किए जा रहे हैं।

**मरीजों के लिए जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई**

मेडिकल कालेज में भर्ती कोरोना मरीजों के लिए रविवार को राकेश सकलेचा मित्रमंडल ने अति आवश्यक इंजेक्शन उपलब्ध कराए। कालेज के प्रभारी डीन डा. जितेंद्र गुप्ता को इन दवाइयों की खेप पीड़ित मानवता की सेवा की दृष्टि से प्रदान की गई। इस दौरान रेडक्रास समिति के पूर्व संचालक समाजसेवी सुशील मूणत उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि एंटीबायोटिक इंजेक्शन मेरोपिनम एक ग्राम के 300 इंजेक्शन, एनक्सोपेरिन 60 एमजी के 300 इंजेक्शन, टजार 4.5 एमजी के 80 इंजेक्शन और मिथायलप्रेडनीसोलान 40 एमजी इंजेक्शन के 100 नग उपलब्ध कराए गए हैं।

**कालिका माता मंदिर में दोनों समय वितरित करेंगे भोजन के पैकेज**

गत कई वर्षों से निरंतर जरूरतमंदों को भोजन सेवा दे रहे श्री कालिका माता सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा प्रतिदिन मंदिर परिसर अन्नक्षेत्र में सुबह 11 बजे जरूरतमंदों को भोजन के पैकेट वितरण किए जा रहे हैं। अब इस लाकडाउन में रविवार से शाम को भी 6:30 बजे भोजन के पैकेट वितरण करने के कार्य का शुभारंभ किया गया है। ट्रस्ट अध्यक्ष राजाराम मोतियानी ने बताया कि कोविड-19 की गाइड लाइन के अनुसार जरूरतमंदों को सतर्कता और शारीरिक दूरी का पालन कराते हुए लाकडाउन के चलते प्रतिदिन दोनों समय भोजन के पैकेट तैयार कर वितरण किए जाएंगे। इस कार्य में दानदाता, मंडल के पदाधिकारी और सदस्य सेवा दे रहे हैं।

हेल्पडेस्क स्थापित की गई है। गहन चिकित्सा इकाई आइसीयू एवं एचडीयू में मिलने का समय दोपहर एक से 3:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। एक ही स्वजन को एक दिन में एक बार मिलने

है। अन्य वार्ड में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी के हेल्पडेस्क पर संपर्क कर प्रातः 11:00 से 1:00 के बीच ली जा सकेगी। दूरभाष के माध्यम से 24 घंटे मोबाइल नंबर 9407196101 से

से अपील की गई है कि वे मरीजों को भोजन न दें। मरीज के लिए दवाइयां एवं आवश्यक सामग्री (डाक्टर के द्वारा लिखी हुई) देने का समय भी प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक रहेगा।

## आत्मविश्वास और बेहतर उपचार से जीती कोरोना की जंग, मेडिकल कालेज से 34 मरीज डिस्चार्ज



शासकीय मेडिकल कालेज से डिस्चार्ज होने वाले मरीजों के साथ शहर विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, डीन डा. जितेंद्र गुप्ता आदि। ● नईदुनिया

**रतलाम।** मजबूत इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और मेडिकल कालेज में मिले बेहतर इलाज के कारण 34 कोरोना मरीज रविवार को मेडिकल कालेज से डिस्चार्ज हो गए। शहर विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान मेडिकल कालेज के प्रभारी डीन डा. जितेंद्र गुप्ता, गोविंद काकानी, मयूर पुरोहित, नीलेश गांधी, मनोज शर्मा, हार्दिक मेहता, संतोष बैरागी भी मौजूद थे। कोरोना संक्रमण को पराजित करने वाले 34 योद्धाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास की चमक देखने लायक थी। उन्होंने मेडिकल कालेज की व्यवस्थाओं को बेहतर बताया और अंदर चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे हैं उपचार की प्रशंसा की।

**बेहतर व्यवस्था ने संक्रमण से शीघ्र उबारा:** खाचरौद के सर्वेश धाकड़ ने बताया कि वे माताजी के इलाज के लिए यहां आए थे, लेकिन स्वयं भी संक्रमण का शिकार हो गए। मेडिकल कालेज में उन्हें बेहतर उपचार मिला। प्रशासन द्वारा जो व्यवस्था यहां पर की गई उसकी उन्होंने प्रशंसा की। स्टाफ ने इस दौरान जो सहयोग दिया और मन में आत्मविश्वास की भावना का संचार किया।

**पांच दिन में स्टाफ का व्यवहार बेहतर रहा:** रतलाम निवासी विमल जैन ने बताया कि वे पांच दिन से मेडिकल कालेज में भर्ती हैं। इन पांच दिनों के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। बेहतर उपचार मिला और चिकित्सकों का व्यवहार सकारात्मक रहा। छह दिन से मेडिकल भर्ती जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि कोरोना संक्रमित होने के बाद एक पल के लिए लगा था कि मन में निराशा आएगी, लेकिन मेडिकल कालेज में मिली चिकित्सकीय सहायता ने पूरी तरह संतुष्ट कर दिया। कोई परेशानी नहीं हुई और इस वजह से ही वे डिस्चार्ज हो रहे हैं। शिक्षक शिवमंगलसिंह अंब ने बताया कि व्यवस्थाएं बहुत बेहतर हैं। चिकित्सकों द्वारा पर्याप्त इलाज किया गया और मन में एक विश्वास पैदा किया गया जिससे इस संक्रमण से वे चार दिन में ही बाहर आ गए और आज डिस्चार्ज हो रहे हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार---------पृष्ठ ......दिनांक.............2021

**अब तक 6600 से अधिक लोग पॉजिटिव, पांचवें दिन 131 पॉजिटिव और 3 मौत की पुष्टि**

# रतलाम में एक हजार के पार पहुंची कोरोना एक्टिव केस की संख्या

पत्रिका करंट इश्यू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में कोरोना का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। पहला मौका है जब रतलाम जिले में एक हजार से अधिक एक्टिव केस है और 113 से अधिक मौतें हो चुकी है। बढ़ते केस के चलते आंकड़ों को देखकर जिला प्रशासन और क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक के बाद 9 दिन के लॉक डाउन का निर्णय लिया था जिसके बाद बीते 2 दिनों से पूरा जिला लॉक है। वर्तमान में 1500 से अधिक संदिग्धों की जांच रिपोर्ट आना शेष है। वहीं शनिवार रात अहमदाबाद और रतलाम से आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 131 कोरोना पॉजिटिव और 3 मौत की पुष्टि हुई है।

बीते दो दिनों के लॉकडाउन के दौरान फिलहाल शहर में पुलिस की सख्ती थोड़ी कम नजर आ रही है जिसके चलते लोगों की आवाजाही सड़कों पर नजर आ रही है। सड़कों पर आवाजाही के पीछे एक कारण नौकरी पेशा लोगों के साथ ही कुछ अन्य लोगों को छूट दिया जाना भी है जिसके चलते वाहनों की आवाजाही सड़कों पर नजर आ रही है। हालांकि आते जाते लोगों को रोककर पुलिस द्वारा सड़क पर आने का कारण भी पूछा जा रहा है। बेवजह घूमने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही।



**भूख...**कालिका माता परिसर में भोजन के लिए लगी निराश्रितों की कतार

## मेडिकल कॉलेज में हेल्प डेस्क स्थापित

मेडिकल कॉलेज में भर्ती गंभीर मरीजों के परिजनों के लिए यहां पर हेल्पडेस्क स्थापित की गई है। गहन चिकित्सा इकाई आईसीयू एवं एचडीयू में मिलने का समय दोपहर 1 से 3.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। आईसीयू तथा एचडीयू में भर्ती मरीजों के एक ही परिजन को एक दिन में एक बार मिलने की अनुमति रहेगी। आईसीयू एवं एचडीयू के अलावा अन्य किसी वार्ड में भर्ती मरीजों से परिजन को मिलने की अनुमति नहीं है। अन्य वार्ड में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी के लिए हेल्प डेस्क पर संपर्क किया जा सकता है। हेल्पडेस्क पर संपर्क करने के लिए समय प्रातः 11 से 1 के बीच निर्धारित किया गया है एवं दूरभाष के माध्यम से जानकारी 24 में 7 टेलीफोन नंबर 94071 96101 से प्राप्त की जा सकती है। अतिरिक्त अस्पताल में भर्ती किसी भी मरीज के लिए दवाइयों एवं आवश्यक सामग्री (डॉक्टर के द्वारा लिखी हुई) देने का समय भी प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक ही रहेगा।

## पुलिस थाने मे फैल रहा संक्रमण

बीते कुछ दिनों में पुलिस थाने और चौकियों पर पदस्थ स्टाफ बड़ी संख्या में कोरोना की गिरफ्त में आया है। थाना बिलपांक पुलिस थाना कालूखेड़ा में एक-एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों के कोरोना संक्रमित होना बताया जा रहा है। पुलिसकर्मियों के पॉजिटिव आने के बाद थाने के अन्य स्टाफ पर भी संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। इसके साथ ही उनके परिवारों में भी कोरोना का डर बना हुआ है।

## अपनों की फिक्र में कॉलेज में डेरा

रतलाम मेडिकल कॉलेज में रतलाम जिले के साथ ही इंदौर, उज्जैन, धार, झाबुआ, मंदसौर, नीमच जिले के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं जिसके चलते उनके परिजन भी अस्पताल के बाहर ही अपने वाहनों के पास डेरा डालकर दिन-रात बैठे रहते हैं। समाज सेवी संस्था द्वारा भोजन की व्यवस्था की जा रही। वहीं निराश्रितों के भोजन के लिए कालिका माता सहित अन्य स्थान पर कतार लगी नजर आती है।



संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका पृष्ठ 12 दिनांक 12-4-2021

# कोरोना संक्रमण का पतझड़



फोटो : स्वदेश शर्मा, रतलाम

**पत्रिका टीम मालवा.** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर ने मालवा के उज्जैन संभाग को भी अपनी जद में ले रखा है। संभाग के 4 जिलों उज्जैन, रतलाम, देवास और शाजापुर 9 दिनों के लिए लॉक हो गए हैं तो मंदसौर, नीमच और आगर-मालवा में सप्ताह में दो दिन संपूर्ण लॉकडाउन लगाया गया है। लॉकडाउन की वापसी के साथ ही दवाओं और जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी भी सामने आने लगी है। वहीं, संक्रमितों के साथ ही अन्य मौत का आंकड़ा भी तेजी बढ़ रहा है।

# रतलाम : एक हजार से ज्यादा संक्रमित, मौत का आंकड़ा 10 दिन में 21

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** जिले में कोरोना संक्रमण का दूसरा दौर बेहद मुश्किलभरा हो गया है। एक से 10 अप्रैल के बीच ही करीब 20 लोगों की मौत हो चुकी है तो मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए कतार लगने लगी है। वहीं, जिले में कुल संक्रमितों का आंकड़ा भी एक हजार को पार करते हुए 1072 पर आ गया है, जिसके चलते प्रदेश में सबसे पहले रतलाम में ही 9 दिनों के संपूर्ण लॉकडाउन का लागू किया गया है। वहीं, टीकाकरण की रफ्तार भी अपेक्षाकृत नहीं बढ़ पा रही है, हालांकि अब इसमें तेजी के दावा किया जा रहा है।

> कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से जंग लगातार जारी है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमारे यहां मरीजों का बेहतर उपचार होने से जल्द स्वस्थ होकर घर जा रहे हैं और मौत का आंकड़ा भी कम है लेकिन बीते कुछ दिनों में मरीजों की संख्या काफी बढ़ी है। इसे रोकने के लिए सभी लोगों को सामूहिक रूप से प्रयास करने होंगे। सभी मास्क अनिवार्य रूप से पहने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, बार-बार हाथ धोए या सैनेटाइज करते रहे, जरूरी हो तो ही घर से बाहर निकले अन्यथा घर में ही रहे, परिवार के बच्चों और बुजुर्गों का खासतौर पर ध्यान रखें, जरा सा स्वास्थ्य खराब होने पर समय रहते अस्पताल पहुंचे और अपनी जांच कराए।
>
> **- डॉ गौरव बोरीवाल,** जिला महामारी नियंत्रक अधिकारी

### कोरोनाकाल फैक्ट...

1 से 10 अप्रैल के बीच की स्थिति...

| | |
|---|---|
| कोरोना से मौत | 20 |
| कोरोना संक्रमित | 1072 |
| डिस्चार्ज | 793 |
| होम आइसोलेट | 300 |
| टीकाकरण | 84397 |
| टीकाकरण केन्द्र | 156 |

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार प्रजातंत्र ------पृष्ठ 5 ..... दिनांक 12-4 ..... 2021

## 771 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्रि में भी मवेशियों को पकड़ा जाएगा, क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 10 अप्रैल तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 771 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 10 अप्रैल को चांदनी चौक से 1 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़कों चौराहों को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलों को अभियान चलाकर तोड़ा जाएगा, इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ों का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है, वे स्वयं अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते हैं, तो निगम द्वारा उन्हें तोड़ा जाकर राशि वसूल की जाएगी। प्रजातंत्र

12-4-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार प्रजातंत्र ---पृष्ठ 6 ..... दिनांक 12-4 ..... 2021

## लावारिसों के अंतिम संस्कार हेतु मुक्तिधाम में पहुंचाई लकड़ियां

प्रजातंत्र 12-4-21

रतलाम। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता पड़ने पर की जाने वाली पेड़ों की छंटनी व पेड़ गिर जाने पर पांजरा पोल व मानस भवन परिसर में एकत्रित की लकड़ियों को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा नगर के मुक्तिधामों पर भेजा जा रहा है। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम में 2 ट्रॉली व 10 अप्रैल को 2 ट्रॉली लकड़ियां पहुंचाई गई जो कि लावारिस व्यक्तियों के अंतिम संस्कार में उपयोग की जाएगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका ----पृष्ठ 2 ....दिनांक 12-4........2021


लॉकडाउन में नगर निगम ने आपदा को बदला अवसर में

# सीवरेज कार्य हुआ पूरा, अब जुड़ाव शुरू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 12-4-2021

रतलाम. शहर में नगर निगम ने तीन वर्ष पूर्व शुरू किया सीवरेज के कार्य को पूरा कर लिया है। अब जो बड़े चौराहों पर जुड़ाव का कार्य शेष रह गया था उसको जोड़ने का कार्य शुरू कर दिया है। असल में लॉकडाउन लगा तो आपदा को अवसर में बदलते हुए निगम ने वे चौराहे जहां यातायात का दबाव अधिक रहता है चयनीत करके सीवरेज की पाइप लाइन के जोड़ को शुरू कर दिया है।

नगर निगम के अनुसार शहर में करीब 11 प्रमुख चौराहे इस प्रकार के हैं जहां पर यातायात का दबाव अधिक रहता है। इन चौराहों पर लॉकडाउन लगते ही नगर निगम ने सीवरेज के कार्य का जोड़ शुरू कर दिया है। महाराणाप्रताप चौराहा, हॉटरोड, दो बत्ती, दिलबहार चौराहा, पैलेस रोड, नगर निगम, चांदनीचौक, घांसबाजार सहित करीब 11 क्षेत्र चयनीत किए गए है जहां पर नगर निगम दिनरात काम चलाकर सीवरेज के कार्य को पूरा कर रही है। मुख्य लाइन से जोड़ना शेष है, अब यही कार्य नगर निगम कर रही है।



विधायक, कलेक्टर, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री कहते है कि आपदा हो तब अवसर में बदला जाए। इसी बात से प्रेरणा लेकर निगम ने सीवरेज कार्य पूरा होने के बाद जो सीवरेज के जोड़ मुख्य चौराहों के शेष रहे है उनको जोड़ा जा रहा है। असल में यह वो चौराहे है जहां यातायात का दबाव अधिक रहता है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

## सीवरेज लाइन डालने में सावधानी से करें खुदाई

**रतलाम।** हाट रोड पर चल रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एसडीएम अभिषेक गेहलोत के साथ कर कंपनी के इंजीनियर को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। हाट रोड चौराहा व हाट रोड पुलिस चौकी के सीवरेज लाइन डालने की गहराई के बारे में जानकारी लेकर आयुक्त ने निर्देश दिए कि खुदाई के दौरान पेयजल पाइप लाइन, नागरिकों के नल कनेक्शन, दूरसंचार की केबल आदि क्षतिग्रस्त ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया 12-4-2021

नईदुनिया
12-4-2021

निलंबित किया है।

**आज 168 केंद्रों पर टीकाकरण :** सोमवार को जिले में 168 केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा। शहर में पुराना कलेक्ट्रेट, औद्योगिक क्षेत्र, बाल चिकित्सालय, रेलवे हॉस्पिटल, सामुदायिक भवन अलकापुरी, सामुदायिक भवन जवाहर नगर, आयुष हॉस्पिटल, जैन कश्यप सभागृह, गुरुनानक सिंधु भवन, माहेश्वरी भवन, सूरज हाल, नानेश निकेतन, दिलीप नगर, लोकेंद्रनाथ भवन हरमाला रोड, मोहन टॉकीज, पोरवाल इंडस्ट्रीज डोसी गांव, विनोबा नगर स्कूल, हाकिमवाड़ा स्कूल में टीका लगेगा।

मेडिकल कॉलेज से रविवार को 34 मरीज ठीक होकर घर पहुंचे। विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड और प्रभारी डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने कॉलेज पहुंचकर सभी को शुभकामनाएं दीं। सभी को मास्क लगाने के लिए प्रेरित करने की नसीहत दी। खाचरौद के सर्वेश धाकड़ ने बताया वे माताजी के इलाज के लिए कॉलेज आए थे, खुद संक्रमण का शिकार हो गए। बेहतर उपचार मिला। रतलाम के विमल जैन ने बताया 5 दिन उनका कॉलेज में इलाज चला, परेशानी नहीं हुई।

## वैक्सीन उत्सव... लोगों में उत्साह ऐसा कि 18 केंद्रों पर 100 प्रतिशत से ज्यादा हो गया टीकाकरण

- जिले में पहली बार 159 केंद्रों पर वैक्सीन लगाई गई। अब तक अधिकतम 50 के आसपास ही केंद्र होते थे।
- वैक्सीनेशन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलना था, कुछ केंद्रों पर लोग आने से 5 बजे बाद भी टीके लगे।
- जिले में सबसे ज्यादा वैक्सीन धौंसवास केंद्र पर लगी, यहां 100 लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य था, 260 लोग पहुंचे।
- जिले के 45 केंद्रों पर 70 फिसदी से ज्यादा टीके लगे, 28 केंद्रों पर 50 से 70 प्रतिशत के बीच लोग वैक्सीन लगवाने पहुंचे।
- निराशाजनक ये भी है कि 28 केंद्रों पर 10 प्रतिशत लोग टीकाकरण के लिए नहीं पहुंचे। 9 केंद्रों पर 0 प्रतिशत टीकाकरण हुआ, इनमें धामनोद, बोदना, पलसोड़ा, कुंदनपुर, भूतपाड़ा, केलड़ा, भल्लाकमल, मकोडियारुंडी, बाजना और तीन निजी अस्पताल शामिल हैं।
- स्वास्थ्य विभाग ने जिले में 45 साल से ज्यादा उम्र के 3.36 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य लिया है, इनमें से 71 हजार ने ही वैक्सीन लगवाई है।
- जिले में 96,219 लोगों को वैक्सीन लगी है। जिले में 7932 फ्रंटलाइन वर्कर हैं, 100% ने पहला डोज, 58% को दूसरा डोज लग गया है। 8233 हेल्थकेयर वर्कर है, 91.87% ने पहला डोज, तो 65.53 ने दूसरा डोज लगवाया है।

इसके मुताबिक कलेक्टर अपनी व्यवस्थाएं बनाएंगे। अभी निजी कार्यालयों को लेकर कोई निर्देश जारी नहीं हुए हैं।

कसेरा बाजार में टीकाकरण हुआ, 240 लोगों को टीके लगे। समाज अध्यक्ष शैलेंद्र डागा, डॉ. बीएल तापड़िया, नरेंद्र बाहेती मौजूद थे।

## एक साल पहले ... 200 सैम्पलों की रिपोर्ट का था इंतजार

**लॉकडाउन में 24 प्रकरण बने थे :** एक साल पहले 12 अप्रैल 2020 को 122 कोरोना संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट का इंतजार था, रतलाम में सुविधा नहीं होने से सैंपल को उज्जैन-भोपाल जांच के लिए भेजा जा रहा था। इधर, लॉकडाउन में दुकान खोलने पर 24 प्रकरण बने थे, होम डिलेवीरी सिस्टम फेल होने के कारण घर-घर मैजिक से सब्जी ले जाने का फैसला हुआ जो पसंद किया गया।

**आज :** शहर में इतने सैंपल हैं कि मेडिकल कॉलेज में सुविधा होने के बावजूद जांच के लिए बाहर भेजना पड़ रहे हैं। अहमदाबाद से रिपोर्ट आने का इंतजार है। लॉकडाउन में सभी दुकानें बंद हैं। दूध घर पहुंच रहा है, सब्जी वाले ठेले लेकर घर तक जा रहे हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार प्रसारण ----पृष्ठ ..5... दिनांक ..12..5.....2021

# नगर में स्वच्छता अभियान की उड़ रही धज्जियां



**प्रसारण न्यूज • नामली**

12-5-2021

नगर परिषद नामली में प्रधानमंत्री के सबसे महत्वपूर्ण अभियान स्वच्छता अभियान की नामली नगर में धज्जियां उड़ाई जा रही है मगर जिम्मेदार का ध्यान नहीं हाल यह है की वार्ड क्रमांक 15 स्टेशन रोड़ डाकघर के पास खुले बड़े नाले में तीन दिनों से पानी इकट्ठा है जिससे मच्छर हो रहे है।

साथ ही नाले में पनप रही गंदगी से कई गंभीर बिमारियां होने की आशंका बनी रहती है। कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते सरकार एक तरफ, स्वच्छ रहने का संदर्भ दे रही है, वहीं नगर परिषद नामली द्वारा समय पर साफ सफाई नहीं हो रही है।

स्टेशन रोड़ के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर साफ सफाई हुए करीबन एक माह हो चुका है। यहां नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा मंदिर परिषद के प्रांगण की साफ सफाई नहीं की जाती है। स्टेशन रोड़ पर रहवासी खुद अपने घर के सामने नालीयों की सफाई कर रहे है, जबकि जिम्मेदारी नगर परिषद की है।

नगर की सफाई व्यवस्था देखने वाले श्रीमान जी को नगर स्वच्छता से शायद कोई लेना देना नहीं है इसी कारण नगर की नालियों में गंदगी और अन्य जगहों पर कचरा नजरअंदाज आ रहा है।

# नए मरीजों में 80 प्रतिशत शहर से, तोड़ना है संक्रमण की चेन



लाकडाउन में ठेलागाड़ी से सब्जी खरीदते हुए ग्राहक। •नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण रोकने के लिए 19 अप्रैल की सुबह छह बजे तक लगाए गए टोटल लाकडाउन के दूसरे दिन भी सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। संक्रमण की दूसरी लहर में नए मरीज मिलने की रफ्तार तेज है और सबसे ज्यादा मरीज शहर से मिल रहे हैं। यही वजह है कि लाकडाउन में भी प्रशासन शहर में सबसे ज्यादा ध्यान दे रहा है। शुक्रवार शाम छह बजे से शुरू हुए नौ दिन के लाकडाउन से संक्रमण की चेन तोड़ने की कोशिश की जा रही है। इधर महाराष्ट्र में भी टोटल लाकडाउन की तैयारी के कारण जिले से गए मजदूरों की वापसी शुरू हो गई है। रतलाम तक ट्रेन से आने के बाद मजदूर व अन्य लोग अपने घरों तक जाने के लिए वाहन नहीं मिलने से परेशान हो रहे हैं।



वाहन उपलब्ध नहीं होने पर गंतव्य की ओर पैदल जाते हुए युवा। •नईदुनिया


### इंदौर में लाकडाउन से आपूर्ति पर आएगा असर

इंदौर में लाकडाउन 19 अप्रैल तक बढ़ाए जाने का असर अगले दो-तीन दिनों में रतलाम में भी दिखेगा। हालांकि किराना व्यापारी सात से दस दिन का स्टाक होने की बात कह रहे हैं, लेकिन अन्य सामान की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

### रेलवे स्टेशन पर की बेरिकेडिंग

रेलवे ने स्टेशन से निकलने व आने के लिए एकल प्रवेश द्वार की व्यवस्था की है। इसके साथ ही प्लेटफार्म पर भी बेरिकेडिंग कर यात्रियों की आवाजाही को नियंत्रित किया जा रहा है। थर्मल स्कैनिंग भी शुरू की गई है।

## मास्क का उपयोग करने से रुक सकता है वायरस का फैलाव



कोरोना महामारी के चलते आम नागरिकों को बेहद ही सतर्कता बरतने की जरूरत है। 45 वर्ष तथा इससे अधिक के नागरिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर टीका अवश्य लगवाए। –डा. **टीना पाटीदार, चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ढोढर**



यदि आप टीकाकरण के दायरे में आ रहे है तो प्राथमिकता के आधार पर टीका लगवाएं। दो गज की दूरी का ईमानदारी से पालन करें। खुद भी स्वस्थ रहें तथा औरों को भी संक्रमित होने से बचाने के लिए यह सबसे कारगर तरीका है। **–फरजाना खान, आशा सहयोगी**



संक्रमण की रफ्तार फिर से बढ़ गई है। ये पहले दौर से भी ज्यादा खतरनाक है। हर दिन बड़ी संख्या में संक्रमित सामने आ रहे है। शासन-प्रशासन को कोविड-19 नियमों का सख्ती से पालन कराना चाहिए। – **चंद्रशेखर पाटीदार**



कोरोना संक्रमण से बचाव में अभी मास्क और शारीरिक दूरी का पालन सबसे जरूरी है। लगातार मरीजों की संख्या बढ़ना चिंताजनक है। सभी को कड़ाई से नियमों का पालन करना चाहिए। – **लक्ष्मीनारायण पाटीदार**



स्वयं के साथ दूसरों की सुरक्षा भी जरूरी है। इसलिए भीड़-भाड़ में जाने से बचें। बार-बार साबुन से हाथ धोएं। सैनिटाइजर का उपयोग करें। मास्क पहनकर शारीरिक दूरी का पालन करें। – **विनय प्रताप सिंह, बिजली कंपनी रतलाम**

## अंतिम संस्कार की सामग्री नहीं मिलने से परेशानी

वर्तमान समय में लाकडाउन चल रहा है। ऐसे में मृतक के परिवार को अंतिम संस्कार की सामग्री नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रही है। मध्य प्रदेश अजाक्स जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी ने कलेक्टर गोपालचंद्र डाड को पत्र लिख माणकचौक स्थित अंतिम संस्कार सामग्री की दुकानों को खोलने की अनुमति देने की मांग की है।

### संक्रमण से बचने के लिए अभी भी करना है ये उपाय

- घर से बाहर निकलते समय हमेशा मास्क पहनें।
- बाजार में भीड़, सार्वजनिक कार्यक्रम में जाते समय लोगों से दो गज की दूरी बनाए रखें।
- हर 20 मिनट के अंतराल में साबुन से हाथ धोएं।
- बाजार से घर आते समय या किसी से मिलने पर सैनिटाइजर का उपयोग करें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–[illegible]---पृष्ठ 8.....दिनांक...12-4.....2021

# कोरोना में मास्क लगाएंगे और अपना जीवन बचाएंगे

कोविड महामारी से बचने का एक मात्र उपाय मास्क का उपयोग ही माना जा रहा है। दुनियाभर में सभी देश एक साथ एक स्वर में आमजन से आव्हान कर रहे है कि मास्क लगाए और अपने साथ अपने साथियों को भी जीवन बचाए। नगर निगम महामारी के इस काल में अपने प्रयासों से लोगों को मास्क पहनने की समझाईश विभिन्न तरीके से दे रहा है। इसके लिए जगह-जगह रंगोली के माध्यम से मास्क लगाए जाने के प्रेरणादायी स्लोगन लिखे जा रहे है वहीं नि:शुल्क मास्क का वितरण कर लोगों को सही ढंग से मास्क पहनने का तरीका भी समझाया जा रहा है। कलेक्टर और निगम प्रशासक गोपालचन्द्र डाड और निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में कोविड महामारी से लोगों को बचाने के लिए अब न करो बहाना, मास्क सभी को ही लगाना अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत सफाई मित्र समूह की टीम शहर के अलग-अलग वार्डों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को जागरुक कर रही है। इस मौके पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कोरोना को हराने के लिए पूरी दुनिया मास्क के उपयोग को अहमियत दे रही है। क्योंकि मास्क सांस के जरिए फैलनेवाले इस संक्रमण को रोकने में काफी मददगार है। दुनियाभर के अलग-अलग देशों ने अपने यहां के लोगों से अपील की है कि वे बिना फेस मास्क लगाए घर से बाहर ना जाएं। क्योंकि ये मास्क संक्रमित व्यक्ति द्वारा खांसने या छींकने के कारण हवा में आनेवाली ड्रॉपलेट्स (बेहद महीन संक्रमित कण) को स्वस्थ व्यक्ति के अंदर प्रवेश करने से रोकता है। श्री झारिया ने लोगों से आव्हान किया है कि बगैर जरूरत अपने घरों से नहीं निकले और अगर ज्यादा जरुरी होने पर घर या दुकान से बाहर जाना भी पड़े तो मास्क का उपयोग कर, दो गज की दूरी और हाथों को सैनेटाईज करने की प्रक्रिया का पूरी तरह से पालन करे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 7......दिनांक 12-4.......2021

## रात में कई जगह किया सेनेटाईज

रतलाम। कोरोना संक्रमण के कारण लॉकडाउन लगाया गया है और एहतियातन सुरक्षा को देखते हुए शहर में सेनेटाईज भी शुरू कर दिया गया है। शहर के कन्टेंटमेंट क्षेत्रों सहित प्रमुख चौराहों पर निगम अमले द्वारा सेनेटाईज किया गया। राज एक्सप्रेस 12-4-2021





महू रोड बस स्टैंड पर वाहन की प्रतीक्षा करते हुए यात्री। ●नईदुनिया



लाकडाउन में दूध की आपूर्ति तय समय पर होती रही। ●नईदुनिया

12-4-2021



रतलाम के छत्रीपुल क्षेत्र में टोटल लाकडाउन के दौरान रविवार को दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। ●नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–............पृष्ठ ......दिनांक ..............2021

# मेडिकल कालेज में गंभीर मरीजों से मिल सकेंगे स्वजन

## मेडिकल कालेज में जल्द आएगी सिटी स्कैन मशीन, प्रभारी मंत्री ने विधायक को बताया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मेडिकल कालेज में मरीजों के उपचार व अन्य व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, कालेज के प्रभारी डीन डा. जितेंद्र गुप्ता, एवं मेडिकल कालेज की व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारी उपस्थित थे। अब मेडिकल कालेज में प्रतिदिन दोपहर एक से 3:30 बजे तक गंभीर मरीजों के स्वजन मिल सकेंगे।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के वित्त तथा रतलाम जिला कोविड-19 प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने जिले में समस्त चिकित्सा व्यवस्था को लेकर आश्वस्त किया है कि किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। रतलाम में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही मशीन मिलेगी। रेमडेसिविर इंजेक्शन व आक्सजीन की उपलब्धता के लिए उन्होंने नोडल अधिकारी को निर्देश दिया ...



शासकीय मेडिकल कालेज में आवश्यक दवाइयां प्रदान करते हुए राकेश सकलेचा, सुशील मूणत। • नईदुनिया

### हेल्पलाइन नंबर 9407196101 से मिलेगी जानकारी

मेडिकल कालेज के कोविड-19 अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीजों ... की अनुमति प्रदान की जाएगी, इसके अलावा अन्य किसी वार्ड में भर्ती मरीजों ... प्राप्त की जा सकती है। आइसीयू में भर्ती मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था अस्पताल में ही की गई है। स्वजनों ...

### 130 नए मरीज मिले, तीन की मौत

रतलाम। कोरोना काल में सर्वाधिक मौत अप्रैल माह में हुई है। संक्रमण की तेज रफ्तार से स्वास्थ्य अमले पर भी दबाव है। रविवार को 130 नए मरीज मिले और तीन मौत हो गई। इसके साथ ही जिले में कुल मरीजों की संख्या 6718 हो गई है। कुल 116 मौत हो चुकी है जबकि स्वस्थ होने वालों की संख्या 5658 है। रविवार को 91 मरीज स्वस्थ हुए। मरीजों की संख्या के मान से रतलाम प्रदेश में सातवें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि एक दिन पहले तक आठवें नंबर पर था।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार प्रसारण ---------पृष्ठ ..3.....दिनांक..12-5......2021

नगर के सभी 49 जीरो वेस्ट वार्डों में घर-घर से किय

# नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता में र

प्रसारण न्यूज • रतलाम

12-5-2021

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर के सभी 49 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है जिसके तहत स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी किया जा रहा है इस कार्य में रतलाम नगर के नागरिक भी जागरूक हो चुके है नागरिकों के सहयोग से ही रतलाम नगर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नम्बर 1 बनेगा।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के सभी 49 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने से वार्डों की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है नागरिक भी प्रातः अपने घरो, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वंय गीले एवं सूख्खे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पुरा सहयोग किया जा रहा है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है।

वार्डों में कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरो पर जाकर नागरिकों से गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त



**आज सबसे पहले राहतभरी दो खबरें** • राष्ट्रीय स्वयंसेवक घर-घर पहुंचे और कहा- केंद्र चलिए और टीका लगवाइए

# पहली बार एक साथ 11 हजार लोगों का हुआ वैक्सीनेशन, 34 लोग कोरोना को हराकर मेडिकल कॉलेज से अपने घर पहुंचे

**लॉकडाउन के बावजूद 53% टीकाकरण, 45 केंद्रों पर 70% से ज्यादा लोगों ने लगवाई वैक्सीन** | **वैक्सीनेशन जरूरी... क्योंकि 45 साल से ज्यादा उम्र के 3.36 लाख लोगों में से 71 हजार को ही लगी है** | **मिसाल... टीकाकरण को लेकर हेल्थ व फ्रंटलाइन वर्कर से ज्यादा उत्साह वृद्धों में नजर आ रहा**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना के डर और चिंतित करने वाली खबरों से परे आज हम आपको सबसे पहले राहतभरी खबरें दे रहे हैं। कोरोना को हराने रविवार को पहली बार जिले में एक दिन में 11 हजार से ज्यादा लोगों ने वैक्सीन लगवा ली। लॉकडाउन के बावजूद टीकाकरण केंद्रों पर उत्साह दिखा, 45 केंद्रों पर 70% से ज्यादा लोग टीका लगवाने पहुंचे। अब टीकाकरण केंद्रों पर आपका इंतजार हो रहा है... क्योंकि, वैक्सीन से ही हम कोरोना को हराएंगे... अभी 45 साल से ज्यादा उम्र के 71,157 लोगों को ही टीके लगे हैं, जबकि, जिले में 3.36 लाख लोग इस उम्र के दायरे में हैं। बाजना जनपद पंचायत के तहत चिकनी के वैक्सीनेशन सेंटर में पंचायत सचिव अनुपस्थित मिला। सेंटर पर पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं थी। जिला पंचायत

## कोरोना को दी मात : अब होम आइसोलेट रहना होगा ताकि न फैले संक्रमण



## सुविधा मरीजों और परिजन में संवाद बना रहे इसलिए मेडिकल कॉलेज में हेल्प डेस्क बनाई

मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों के परिजन की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क बनाई है। आईसीयू और एचडीयू में भर्ती मरीजों के परिजन दोपहर 1 से 3.30 बजे तक के बीच मिल सकेंगे। एक दिन में सिर्फ एक बार। अन्य वार्ड में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी हेल्प डेस्क पर दी जाएगी। इसके परिजन सुबह 11 से 1 बजे के बीच हेल्प डेस्क (9407196101) पर संपर्क कर सकेंगे। इसी दौरान परिजन दवाई और अन्य सामग्री दे सकेंगे। आईसीयू में भर्ती मरीजों को अस्पताल से ही भोजन दिया जाएगा।

### 25% कर्मचारियों के संग होगा विभागों में काम

सोमवार से सरकारी कार्यालय 25 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ खुलेंगे। ड्यूटी रोटेशन के आधार पर लगाई जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने अमले को संक्रमण से बचाने के लिए इसके निर्देश जारी कर दिए हैं।

### टीके के लिए कई संस्थाओं के शिविर लगे

रविवार को संस्थाओं ने भी शिविर लगाए। मालवा चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के 425 से ज्यादा श्रमिकों को टीके लगे। चेंबर के वरुण पोरवाल, वीरेंद्र पोरवाल, संस्कार कोठारी सहित अन्य मौजूद थे। माहेश्वरी समाज के

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 1 दिनांक 12-5-2021

# आपदा में अवसर तलाशा : तेजी से जुड़ने लगी सीवरेज लाइन, खटीक मोहल्ले में दस साल से जाम नाले की करा दी सफाई

## अब सिर्फ 5 किमी सीवरेज लाइन डलना बाकी, निगम आयुक्त झारिया ने साढ़े छह घंटे निरीक्षण कर शुरू करवाए काम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-5-2021

लॉकडाउन में अवसर देख नगर निगम ने सीवरेज लाइन का काम तेज करा दिया है। 273 किमी सीवरेज लाइन में से सिर्फ पांच किमी लाइन डलना बाकी है। इनमें से अधिकांश सब ट्रंक लाइन तथा सब ट्रंक और मेनलाइन जोड़ना है। लॉकडाउन के बचे सात दिनों में इन को पूरा करने के लिए रविवार को कमिश्नर सोमनाथ झारिया ने एक साथ खुदाई शुरू करवा दी है।

शाम को इन्हीं काम को देखने निकले कमिश्नर झारिया की नजर हाट रोड मरी माता मंदिर के पास बहते गंदे पानी पर पड़ी। सीवरेज लाइन फूटने की आशंका में उन्होंने गाड़ी रुकवाकर इंजीनियरों से चेक करवाया। रहवासियों से पता चला कि खटीक मोहल्ले की तरफ जाने वाली सड़क के नीचे का नाला आठ-दस साल से जाम है। कमिश्नर ने जेसीबी मंगवाकर नाले का ऊपरी भाग खुलवाया और सफाई करवाई। कुछ देर में जाम नाला खुल गया, जिससे खटीक सहित आसपास के मोहल्ले की जाम नालियां बहने लगी। इसके अलावा कमिश्नर सैलाना बस स्टैंड, हाट की चौकी, गोशाला रोड, कॉलेज सहित अन्य स्थानों पर चल रही खुदाई को देखा। एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सहायक उपयंत्री श्याम सोनी, वेप्कोस इंजीनियर वैभव शर्मा, कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल सहित अन्य अमला साथ रहा।

### समय साधने के लिए नगर निगम का अमला रात में भी कर रहा है काम



खटीक मोहल्ला क्षेत्र में मरी माता मंदिर के पास दस सालों से जाम नाले की रात में सफाई करती नगर निगमकी जेसीबी मशीन।



सीवरेज लाइन के बारे में इंजीनियरों को निर्देश देते कमिश्नर झारिया।

### नहीं माने तो दिखाई सख्ती

9 दिनी लॉकडाउन का दूसरा दिन रविवार यूं तो शांतिपूर्ण रहा लेकिन शहरवासी लापरवाही करने से बाज नहीं आ रहे हैं। कुछ युवा शहर में बेवजह घूम रहे हैं। रविवार को पुलिस जवानों को कमान संभालना पड़ी। बाजना बस स्टैंड, चांदनीचौक, त्रिपोलिया गेट रोड पर चेकिंग के दौरान कई युवाओं को पुलिस ने चलित जेल भेजा। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने बताया सोमवार से सख्ती बढ़ाएंगे।

### सीटी स्कैन मशीन के लिए कवायद शुरू

मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन मशीन की कवायद शुरू हो चुकी है। रविवार को मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के समीक्षा बैठक हुई। शहर विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, कॉलेज के प्रभारी डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता मौजूद थे। कलेक्टर डाड ने व्यवस्थाओं को ठीक करने के निर्देश दिए। प्रदेश के वित्त व जिला कोविड-19 प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने आश्वस्त किया कि रतलाम में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं, भोपाल में अधिकारियों से चर्चा हो रही है, यह काम जल्द होगा। रेमडेसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता लगातार बनी रहे, इसके लिए नोडल अधिकारी को कहा है। आगामी दिनों में वे रतलाम में व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगे।

### रेलवे में संक्रमण, 50 % से काम लेने की मांग उठी

कोरोना की दूसरी लहर ने रेलवे स्टाफ को भी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। एक माह में अकेले मंडल मुख्यालय के डीआरएम व अन्य कार्यालयों के 18 से ज्यादा कर्मचारी पॉजिटिव हो चुके हैं। हालांकि मास्क की अनिवार्यता और हैंड सैनिटाइज दिया जा रहा है, परंतु कार्यालय रेगुलर सैनिटाइज्ड नहीं होने से कर्मचारी डरे हुए हैं। उधर कर्मचारी संगठनों ने फिर से 50 प्रतिशत कर्मचारियों से काम लेने की मांग उठाना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि कोरोना तेजी से फैलने के बावजूद डीआरएम व अन्य कार्यालयों में कर्मचारियों को ड्यूटी पर बुलाया जा रहा है। वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ मीडिया प्रभारी गौरव दुबे ने बताया मंडल मंत्री बीके गर्ग ने वरिष्ठ अधिकारियों से बात की है। पहली लहर की तरह 50 % स्टाफ से काम लेना चाहिए। वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के प्रवक्ता अशोक तिवारी के अनुसार रेल आवश्यक सुविधा में शामिल हैं।